| दिनांक 30.04.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 44/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जा देहात**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 29/30.04.2025 की रात्रि थाना खुर्जा देहात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हजरतपुर कूटरी बंबे के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त नौशाद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना खुर्जा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, सीएस एक्ट, विद्युत अधिनियम, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 33 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नौशाद निवासी ग्राम मलगौसा थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना जैतपुर**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 30.04.2025 को थाना जैतपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कान्हरपुरा रेलवे अण्डपास के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त शरीफ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना जैतपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, आगरा के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 21 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना जैतपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शरीफ निवासी ग्राम नगला खुशहाली थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**जनपद बाराबंकी/थाना देवा**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **25 हजार रूपये नगद**
- **लूट के 02 ई–रिक्शा व 03 बैटरी**
- **01 अवैध शस्त्र मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 29.04.2025 को थाना देवा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम कोटवा कलां नहर पटरी के पास बदमाशों को रोकने का

प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—वीरेन्द्र उर्फ गोले घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—मनोज कुमार सहित गिरफ्तार किया गया, जिनकी निशादेही पर अभियुक्त 3—आनन्द को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 25 हजार रूपये नगद, लूट के 02 ई—रिक्शा व 03 बैटरी, 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना देवा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद ई—रिक्शा व बैटरी आदि लूट की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त वीरेन्द्र उर्फ गोले के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के थाना जहांगीराबाद पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट के कई अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना देवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—वीरेन्द्र उर्फ गोले निवासी सादीपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी।

2—मनोज कुमार निवासी अनरवा थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी।

3—आनन्द निवासी त्रिलोकपुर थाना मसौली जनपद बाराबंकी।

**<u>बरामदगी</u>**

1—25 हजार रूपये नगद।

2—लूट के 02 ई—रिक्शा व 03 बैटरी।

3—01 अवैध शस्त्र मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद रायबरेली/थाना लालगंज

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/छिनैती के 30 हजार रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 30.04.2025 को थाना लालगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 03 अभियुक्तों 1–मो0 असद 2–मो0 एहसान 3–स्वैब अहमद का गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट/छिनैती के 30 हजार रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना लालगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये लूट/छिनैती की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना लालगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 असद निवासी अलीनगर कस्बा व थाना लालगंज जनपद रायबरेली।

2–मो0 एहसान निवासी अलीनगर कस्बा व थाना लालगंज जनपद रायबरेली।

3–स्वैब अहमद निवासी कस्बा व थाना सरेनी जनपद रायबरेली।

**बरामदगी**

1–लूट/छिनैती के 30 हजार रूपये नगद।

2–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–39**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के लगभग 01 करोड रूपये कीमत के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 05 लाख रूपये नगद बरामद**

दिनांक 30.04.2025 को थाना सेक्टर–39 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–समरजीत 2–सन्दीप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के लगभग 01 करोड रूपये कीमत के पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 05 लाख रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना सेक्टर–39 क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर–39 पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण व रूपये चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–39 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–समरजीत निवासी ग्राम नवेली थाना अहियापुर जनपद मुजफ्फरपुर, बिहार हाल पता अगाहपुर थाना सेक्टर–49, गौतमबुद्धनगर।

2–सन्दीप निवासी बिछिया थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर हाल पता अगाहपुर थाना सेक्टर–49, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी के लगभग 01 करोड रूपये कीमत के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 05 लाख रूपये नगद।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना अरनिया

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 03 मोटर**
- **01 ऑटो रिक्शा**
- **मोटर चोरी करने के उपकरण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 29/30.04.2025 की रात्रि थाना अरनिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ऑटो व बाइक सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–शहजाद घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–तरीकत सहित गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 03 मोटर, 01 ऑटो रिक्शा, मोटर चोरी करने के उपकरण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिनमें अभियुक्त शहजाद के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 18 अभियोग व अभियुक्त तरीकत के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर हत्या, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना अरनिया पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शहजाद निवासी ग्राम कलौंदा थाना जारचा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–तरीकत निवासी ग्राम भुल्लनगढी थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 03 मोटर।

2–01 ऑटो रिक्शा।

3–मोटर चोरी करने के उपकरण।

4–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट बरेली

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 10 किलोग्राम अवैध अफीम**
- **13 हजार 610 रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 कार बरामद**

दिनांक 30.04.2025 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट बरेली द्वारा सूचना के आधार पर दातागंज बदायूं रोड पर स्थित इस्माइलपुर चौराहा थाना दातागंज जनपद बदायूं से 02 अभियुक्तों 1–रामवीर 2–इरशाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 10 किलोग्राम अवैध अफीम, 13 हजार 610 रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, 01 कार बरामद हुई।

इस सम्बनध में थाना दातागंज जनपद बदायूं पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रामवीर निवासी नवाबगंज थाना बिनावर जनपद बदायूं।

2–इरशाद निवासी ग्राम चंदौरा थाना बिनावर जनपद बदायूं।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 10 किलोग्राम अवैध अफीम।

2–13 हजार 610 रूपये नगद।

3–02 मोबाइल फोन।

4–01 कार।

- **जनपद ललितपुर/थाना सौजना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद ललितपुर द्वारा थाना सौजना पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त पहाड़ सिंह को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद सीतापुर/थाना इमलिया सुल्तानपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठिन कारावास की सजा व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद सीतापुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सीतापुर द्वारा थाना इमलिया सुल्तानपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 377 भादवि व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त उमेश उर्फ जीतू को 20 वर्ष के कठिन कारावास व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद औरैया/थाना ऐरवाकटरा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद औरैया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद औरैया द्वारा थाना ऐरवाकटरा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376/452 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त अतुल कुमार को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————